यूपी ट्रेड शो में होगा ई-कॉमर्स नवाचार पर ज्यादा जोर

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर के बीच होने वाले ट्रेड शो में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की उपस्थिति में दुनिया उत्तर प्रदेश में निवेश व्यापार कारोबार की संभावनाओं को देखेगी। आयोजन का शुभारंभ 25 सितंबर को हो रहा है, मगर 26 से 27 सितंबर के बीच 6 सत्र में ई-कॉमर्स व डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, इनोवेशन व स्टार्टअप इकोसिस्टम पर फोकस किया जाएगा।

आयोजन में 15 हॉल्स में विभिन्न सरकारी विभागों तथा प्राधिकरणों के भव्य थीमैटिक पवेलियन स्थापित किए गए हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 का उद्देश्य एक व्यापार प्रदर्शनी से कहीं ज़्यादा सहयोग, नवाचार और ज्ञान के आदान-प्रदान के एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो दुनिया भर के व्यवसायों, उद्यमियों, निवेशकों, नीति निर्माताओं और विचारकों को एक साथ लाएगा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए बिजनेस नेटवर्किंग पार्टनरशिप, इनवेस्टमेंट अट्रैक्शन, नॉलेज डिसेमिनेशन व ब्रांड यूपी का प्रमोशन प्रमुख हैं।